# प्रेस नोट

## यातायात पुलिस दिनांक 14.08.2021

**यातायात पुलिस ने अथक प्रयास के बाद बैग व कीमती सामान को तलाश कर स्वामी के किया सुपुर्द।**

**कार्यवाही:-**




कल दिनांक 13.08.21 को वादिया श्रीमती मीनू शर्मा पत्नी श्री दिनेश शर्मा निवासी सिकंदराबाद बुलंदशहर ने यातायात कार्यालय पर आकर सूचना दी कि ब्रजघाट (गढ़मुक्तेश्वर) से हापुड़ आते समय किसी अज्ञात ऑटो में जिसका नंबर हम नहीं देख पाए जिसमें हमारा कीमती सामान व कपड़े छूट गए हैं हम केवल चालक का नाम रहमत अली देख पाए हैं।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार सफर के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में वितरित यूनिक नंबर से यातायात पुलिस के अथक प्रयास से वाहन संख्या यूपी 37 AT 2932 के चालक रहमत अली पुत्र सुलतान निवासी हाजीपुर स्याना जनपद बुलंदशहर को यातायात कार्यालय बुलाकर पीड़ित महिला को सकुशल कपड़ो का बैग वापस कराया, बैग व कपड़े पाकर परिवार के लोगों ने हापुड़ पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए यातायात पुलिस को धन्यवाद कहा।

**नोटः-** उपरोक्त के संबंध में हापुड़ पुलिस जनपद के सभी नागरिकों विशेषकर बालिकाओं/महिलाओं से अपील करती है कि ऑटो में सफर के दौरान ऑटो में अंकित स्टीकर की अपने मोबाइल फोन से फोटो अवश्य लें ताकि किसी आकस्मिकता की दशा में यूनिक नंबर या फोटो से चालक की पहचान की जा सके।